# नेतरहाट आवासीय विद्यालय,नेतरहाट

सी.बी.एस.ई. संबद्ध +2 विद्यालय

संबद्धता संख्या –3420006, विद्यालय संख्या–69558

*(नेतरहाट विद्यालय समिति, सोसाइटी निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधित स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन एवं स्वायत्तशासी संस्था एच.ई.सी., एम.डी.आई भवन, धुर्वा, राँची–834004, निबंधन संख्या : 688/2009–2010 के द्वारा संचालित)*

## नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2025–26

विज्ञापन संख्या – 2259 दिनांक– 22.07.25

नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट झारखंड राज्य का एक लब्ध प्रतिष्ठ शैक्षणिक संस्थान है जिसका उद्देश्य झारखंड राज्य के मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण, निःशुल्क एवं आवासीय शिक्षा प्रदान करना है। 1954 में स्थापित प्रकृति की गोद में बसा यह आवासीय विद्यालय प्राचीन गुरुकुल परंपरा एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली का एक अद्भुत संगम है। यहाँ शैक्षणिक उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रों में स्वावलंबन एवं उच्च नैतिक मूल्यों के उत्थान के साथ सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट की कक्षा–6 में 10 से 12 वर्ष उम्र के **100 (एक सौ)** स्वस्थ बालकों के **सत्र–2025–26 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।** इससे संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ निम्नवत् हैः–

1. नेतरहाट प्रवेश परीक्षा द्वि–स्तरीय होगी जो दो पालियों (2.5–2.5 घंटे की) में एक ही दिन झारखंड राज्य के प्रत्येक प्रमंडल मुख्यालयों में आयोजित होगी । प्रारंभिक परीक्षा (प्रश्नपत्र–1) जो प्रथम पाली में आयोजित होगी, वस्तुनिष्ठ प्रकृति की होगी जिसमें बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जायेंगे । यह परीक्षा **OMR Sheet** में आयोजित होगी एवं नकारात्मक अंकन का प्रावधान नहीं होगा । प्रारंभिक परीक्षा केवल योग्यता निर्धारित करने (Qualifying Nature) वाली होगी । मुख्य परीक्षा (प्रश्नपत्र–2) जो द्वितीय पाली में आयोजित होगी, विषयनिष्ठ प्रकृति (Subjective Type) की होगी । प्रथमतः प्रारंभिक परीक्षा (प्रश्नपत्र–1) के परीक्षा परिणाम के आधार पर मेधा क्रमानुसार राज्य में लागू आरक्षण व्यवस्था के आलोक में कुल सीटों के 5 गुना (कुल 500) छात्र चयनित किए जायेंगे एवं सिर्फ इनकी ही मुख्य परीक्षा (प्रश्नपत्र–2) की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा । चयनित 500 छात्रों की सिर्फ मुख्य परीक्षा (प्रश्नपत्र–2) के प्राप्तांको के आधार पर पुनः मेधा क्रमानुसार राज्य में लागू आरक्षण व्यवस्था के आलोक में कुल सीटों के 1.5 गुना (कुल 150) छात्रों का चयन शारीरिक जाँच सह मनोवैज्ञानिक परीक्षण हेतु किया जायेगा ताकि छात्रों की विद्यालय की आवासीय संरचना में शारीरिक एवं मानसिक रूप से सामंजस्य स्थापित करने की योग्यता का आकलन किया जा सके । शारीरिक जाँच में स्वास्थ्य के साथ उम्र की भी जाँच की जायेगी। **उम्र के निर्धारण में मेडिकल बोर्ड का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।** तत्पश्चात शारीरिक जाँच सह मनोवैज्ञानिक परीक्षण में सफल छात्रों में से मेधा क्रमानुसार एवं आरक्षण व्यवस्था के अनुरूप अंतिम रूप से चयनित **100 (एक सौ)** छात्रों का नामांकन **सभी प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात** लिया जायेगा।

2. प्रवेश परीक्षा आवेदन कार्यक्रमः–

| क्रम सं० | विवरणी | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञप्ति/आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ | 25.07.2025 |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 31.08.2025 |
| 3. | ऑनलाइन प्रवेशपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 25.09.2025से प्रारंभ |
| 4. | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 12.10.2025 (रविवार) |

3. **प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक योग्यताएँ/शर्ते निम्नांकित हैं :–**

(क) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ख) 01 अगस्त 2025 को जिनकी उम्र 10 वर्ष से कम और 12 वर्ष से अधिक नहीं हो, अर्थात जिनका जन्म दिनांक–**01.08.2013 से 31.07.2015** के बीच हुआ हो (दोनों तिथियाँ शामिल)। सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जन्म प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ग) अभ्यर्थी झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा–5 अथवा उच्चतर कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण हो। इसके प्रमाण स्वरूप अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से हस्ताक्षरित कक्षा–5 अथवा उच्चतर कक्षा की उत्तीर्णता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।

(घ) अभ्यर्थी यदि आरक्षितवर्ग से हों तो सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाणपत्र यथाः–अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ावर्ग/आर्थिक रूप से पिछड़ावर्ग प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ड.) **उपरोक्त सभी प्रमाणपत्र अनिवार्य है। प्रमाणपत्रों के अभाव में आवेदन स्वतः रद्द माना जाएगा।**
ध्यातव्य हो कि नामांकन के समय सभी प्रमाणपत्रों की मूल प्रति को उपस्थापित करना अनिवार्य होगा।

Visit CollegeDekho

4. सामान्य निर्देशः–

(i) लिखित प्रवेश परीक्षा का स्वरूप निम्नवत् हैः–

| प्रथम पाली (10:00 पूर्वाह्न से 12:30 अपराह्न) | | | |
|---|---|---|---|
| | विषय | अंक | प्रश्न स्वरूप |
| प्रारंभिक परीक्षा (प्रश्नपत्र–1) (100 अंक) | मानसिक योग्यता | 20 | प्रत्येक विषय में 1 अंक के वस्तुनिष्ठ प्रकृति के 20 बहुवैकल्पिक प्रश्न |
| | हिन्दी | 20 | |
| | गणित | 20 | |
| | विज्ञान | 20 | |
| | सामाजिक अध्ययन | 20 | |
| द्वितीय पाली (01:30 अपराह्न से 04:00 अपराह्न) | | | |
| मुख्य परीक्षा (प्रश्नपत्र–2) (100 अंक) | विषय | अंक | प्रश्न स्वरूप |
| | हिन्दी | 25 | प्रत्येक विषय में 25 अंक के विषयनिष्ठ प्रकृति के प्रश्न |
| | गणित | 25 | |
| | विज्ञान | 25 | |
| | सामाजिक अध्ययन | 25 | |

(ii) लिखित प्रवेश परीक्षा प्रत्येक प्रमण्डल मुख्यालय में आयोजित की जायेगी जिनकी सूची निम्नवत् है :–

| प्रमण्डल | प्रमण्डल मुख्यालय | जिला |
|---|---|---|
| कोल्हान | चाईबासा | पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां |
| उत्तरी छोटानागपुर | हजारीबाग | बोकारो, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ |
| दक्षिणी छोटानागपुर | रांची | गुमला, खूँटी, लोहरदगा, रांची, सिमडेगा |
| पलामू | मेदिनीनगर | गढ़वा, लातेहार, पलामू |
| संथाल परगना | दुमका | गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़ |

(iii) प्रवेश परीक्षा में प्रश्नों का स्तर सामान्यतः पाँचवीं कक्षा तक का होगा जिन्हें पाँचवीं कक्षा उत्तीर्ण मेधावी छात्र हल कर सकें। प्रवेश परीक्षा का माध्यम हिंदी एवं अंग्रेजी होगा।

(iv) यह सूचना नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर भी उपलब्ध है।

(v) आवेदन करने की विधि : आवेदन सिर्फ online माध्यम से विद्यालय के वेबसाइट **www.netarhatvidyalaya.com** पर जाकर किया जा सकता है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर Online आवेदन के दिशा–निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

(vi) अभिभावक कृपया ध्यान दें कि उनके द्वारा दिए गये प्रमाणपत्रों में किसी भी प्रकार का असत्य पता चलने पर छात्र की अभ्यर्थिता रद्द करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

(vii) आवेदन में दी गयी जानकारियों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा।

(viii) ***आवेदन शुल्क :–आवेदन पूर्णतः निःशुल्क है।***

(ix) प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित सूचनाएं नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के वेबसाइट **www.netarhatvidyalaya.com** पर समय–समय पर उपलब्ध रहेगी । प्रवेश परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की असुविधा की स्थिति में दूरभाष संख्या **6201750193** पर कार्य दिवसों में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

22/07/2025

प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

Visit CollegeDekho